CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो. 9653906665

अंक 02/96 | जयपुर | 25 अप्रैल /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04


मुख्यमंत्री ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले दिवंगत नीरज उधवानी के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

## खून के एक-एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा : भजनलाल शर्मा




### दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार शोकाकुल परिजनों के साथ

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर के नीरज उधवानी की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से बात कर उन्हें ढाढस बंधाया।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार प्रातः स्व. नीरज उधवानी के मॉडल टाउन स्थित अपार्टमेंट पर पहुंच कर उनकी पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए। श्री शर्मा ने स्व. उधवानी की शोकाकुल मां के आंसू पोंछे और उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत के परिजनों से मिलकर उनको भरोसा दिलाया कि केंद्र एवं राज्य सरकार अपार दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने परिवारजनों को इस गहरे दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध और उद्वेलित है। इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं घिनौनी घटना से पूरे देश में दुख और क्षोभ व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना में जान गंवाने वालों के खून के एक-एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने इस घटना के बाद कई कठोर निर्णय लिए हैं और आगे भी कई कड़े एवं सख्त फैसले लिए जाएंगे।

## देवनानी से केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत की मुलाकात



### विधान सभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक भेंट की, अजमेर में पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से गुरूवार को यहां देवानानी के सिविल लाईन्स स्थित राजकीय आवास पर केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति गजेन्द्र सिंह शेखावत की मुलाकात हुई।

देवनानी ने शेखावत का शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया। देवनानी ने शेखावत को विधान सभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी की शेखावत से हुई इस आधे घंटे की मुलाकात में प्रदेश से जुडे विभिन्न विषयों और अजमेर में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## ई-पंचायत से पारदर्शिता और कुशलता को मिल रहा है बढ़ावा : देवनानी

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा है कि इस दिवस को देश में पंचायतीराज प्रणाली के राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। पंचायतीराज व्यवस्था के सशक्तिकरण के लिये 73वां संविधान संशोधन इस दिन से लागू किया गया था। देवनानी ने कहा कि आज के समय में डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत पंचायतों को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा रहा है। ई-पंचायत परियोजना और ऑनलाइन कार्यप्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## पाकिस्तानी रेंजर्स ने पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ जवान पकड़ा

### एके-47 भी छीनी, आंखों में पट्टी बांध फोटो जारी की

एजेंसी



**अमृतसर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इसी बीच पाकिस्तानी रेंजर्स ने पंजाब के इंडो-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ के जवान को हिरासत में लिया है। जिस दौरान उसके हाथ से एके-47 भी छीन ली गई।

हिरासत में लेने के बाद वे जवान को अपने साथ ले गए। इसके बाद पाकिस्तानी मीडिया में जवान की 2 फोटो जारी की गईं। एक फोटो में आंख पर पट्टी बांधी गई है तो दूसरी में बीएसएफ जवान एके-47 और पानी की बोतल के साथ खड़ा है।

पकड़ा गया बीएसएफ जवान पीके सिंह मूल रूप से कोलकाता के जिला हुगली का रहने वाला है। अभी तक उसे छोड़ा नहीं गया है। बीएसएफ के अधिकारी लगातार पाक रेंजर्स के संपर्क में हैं।

## दो माह पहले हो जाती एसीईओ की जांच तो प्रधान को नहीं उठानी पड़ती चप्पल

# अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में पानी"

### न्याय के लिए दर-दर भटक रही महिला प्रधान,मामला दर्ज करने में क्यों हो रही है देरी, लोगों में भारी आक्रोश

### महिला प्रधान के समर्थन में जिला कलक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे सरपंचों ने दी चेतावनी दो दिन में मामला दर्ज नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में पानी" यह पंक्ति प्रसिद्ध कवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित महाकाव्य 'यशोधरा' से ली गई है। इस पंक्ति में कवि ने महिलाओं की जीवन की विसंगतियों और दुखों का वर्णन किया है, जहाँ एक ओर वे माँ की ममता और प्रेम का प्रतीक हैं, तो दूसरी ओर उन्हें शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। इस पंक्ति के माध्यम से कवि महिलाओं के जीवन की विडंबना और दुखों पर प्रकाश डालना चाहता है, और यह भी दर्शाता है कि वे समाज में उपेक्षित और कमजोर क्यों होती हैं। यह पंक्ति आज भी महिलाओं के जीवन की दुर्दशा का सटीक वर्णन करती है और इस पर चर्चा को प्रेरित करती है। ऐसा ही मामला राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले की पंचायत समिति कोटकासिम महिला प्रधान श्रीमती डॉ. विनोद कुमारी सांगवान का सामने आया है। आखिर महिला को अपना अस्तित्व बचाने के लिए ऐसा कदम क्यों उठाना पड़ा..? यह पंक्ति कोटकासिम महिला प्रधान श्रीमती डॉ. विनोद कुमारी सांगवान से चरितार्थ हो रही हैं। हाल ही 21 अप्रैल 2025 सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल में आयोजित (दिशा) की बैठक में कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान को चप्पल क्यों उठानी पड़ी..? आखिर इसका जिम्मेदार कौन है..? महिला प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान के द्वारा घटना से करीब दो माह पूर्व थाना अरावली विहार अलवर और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी खैरथल व पंचायत राज विभाग को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव के द्वारा महिला प्रधान से अमर्यादित,अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने पर शिकायतें दर्ज कराई थी जो आज तक जांच में चल रही है..? लोगों में चल रही चर्चा की बात करें तो सभी प्रशासनिक व राजकीय उच्च अधिकारियों द्वारा बरती गई उदासीनता के परिणाम स्वरुप कर्मचारी संजय यादव के हौसले बुलंद होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सभा से निकलते हुए एक और अमर्यादित टिप्पणी होने के कारण महिला प्रधान को चप्पल उठानी पड़ी और आज भी महिला प्रधान न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण की सरेआम प्रशासन द्वारा धज्जियां उड़ाई जा रही है, जिसको लेकर महिलाओं सहित आमजन में आक्रोश व्याप्त है। महिला प्रधान को न्याय दिलाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर को ज्ञापन देखकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई जा रही है, लेकिन महिला प्रधान का मामला दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है जिसको लेकर महिला प्रधान के समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को महिला प्रधान के समर्थन में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय खैरथल- तिजारा पर पहुंचे दर्जनों सरपंचों ने जिला कलेक्टर किशोर कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। सरपंचों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि 21 अप्रैल 2025 सोमवार को खैरथल-तिजारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सभा से निकलते हुए जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव द्वारा कोटकासिम प्रधान डॉक्टर विनोद कुमारी सांगवान के साथ एक और अमर्यादित टिप्पणी करने और मारपीट की कोशिश की गई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने थाना अधिकारी खैरथल को मुकदमा दर्ज करने के लिए 21 अप्रैल 2025 को दी थी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पूर्व में भी संजय यादव द्वारा प्रधान को अमर्यादित भाषा का उपयोग करते हुए गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था जिसकी शिकायत प्रधान के द्वारा जिला कलक्टर व पंचायत राज विभाग तथा थानाधिकारी अलवर को प्रस्तुत कर दी गई थी। जिस पर आज दिनांक तक भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस बात को लेकर आमजन व जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। प्रधान के विरूद्ध झूठी एफआईआर को खारिज किया जावे व संजय यादव को इस मामले में निलंबित करते हुए मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जावें। अन्यथा मजबूरन हमे बडे स्तर पर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। मौजूद सरपंचों ने बताया कि कोटकासिम महिला प्रधान डॉ.विनोद कुमारी सागवान द्वारा करीब दो माह पहले जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव के खिलाफ दी गई शिकायत की संबंधित अधिकारी निष्पक्ष जांच करते तो आज महिला प्रधान को अपना अस्तित्व बचाने के लिए चप्पल उठानी नहीं पड़ती इसका जिम्मेदार स्वमं जांच में देरी करने वाले संबंधित अधिकारी है।






### ज्ञापन देने वालों में ये रहे मौजूद

कुलदीप सिंह अध्यक्ष सरपंच पंचायत समिति कोटकासिम, पिंकी चौधरी सरपंच,महबूब सरपंच,सावित्री सरपंच,संदीप सिंह सरपंच, अनिता कुमारी, सदीक खां जिला पार्षद, अतर सिंह, सुरेंद्र सिंह,कैलाश, अमरी देवी सरपंच,सुरेश,रमेश पनवाल सरपंच,नारायण सैन,रेशम देवी एमपीएस सहित कई सरपंच प्रतनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

### पूर्व मंत्री बोले-मेरी पत्नी मरणासन्न स्थिति में, मैंने कोई गड़बड़ी नहीं की, किसी से पैसा नहीं लिया

एजेंसी

**जयपुर।** ईडी ने पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए करीब 900 करोड़ के घोटाले में गुरुवार को दिनभर ईडी के अधिकारियों ने जोशी से पूछताछ की थी।

कई नोटिस देने के बाद गुरुवार को दोपहर 1 बजे कांग्रेस नेता महेश जोशी अपने एक निजी सहायक के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ की। करीब 6 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने जोशी को गिरफ्तार कर लिया। ईडी के गिरफ्तार करने के बाद महेश जोशी ने कहा- मेरी पत्नी मरणासन्न स्थिति में है। मैंने रिक्वेस्ट की कि मेरे खिलाफ केस बनाया गया है। मैंने कोई गड़बड़ी नहीं की। मैंने किसी से पैसा नहीं लिया। जोशी ने कहा- जिन लोगों के खिलाफ मैंने कार्रवाई की है, उनके बयान लेकर मेरे खिलाफ एक्शन लिया गया है। मुझे देश की कानून व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे न्याय मिलेगा।



### लंबे समय से पूछताछ के लिए बुला रही थी ईडी

ईडी महेश जोशी को पिछले लंबे समय से पूछताछ के लिए बुला रही थी, लेकिन महेश जोशी व्यक्तिगत कारणों की वजह से नहीं जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, जोशी को कुछ दस्तावेज दिखाए गए, उन दस्तावेजों को लेकर उनसे जवाब मांगा गया।

## अवैध हथियार मामले में एनआईए की राजस्थान में छापेमारी

**भरतपुर।** पंजाब में अवैध हथियारों से जुड़े मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम राजस्थान में छापा मारा है। टीम ने डीग जिले के पहाड़ी इलाके में 5 जगह दबिश दी है। टीम ने यहां से 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन्हें पहाड़ी थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम में 6 अधिकारी हैं, जो बुधवार शाम पहाड़ी पहुंचे थे। गुरुवार सुबह से टीम सामलेर, सोमका सहित आसपास के गांवों में दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि एनआईएस को एक युवक की तलाश है। सामलेर गांव में रहने वाले इस युवक का मोबाइल नंबर किसी संदिग्ध वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़ा हुआ है।

## अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी में नहीं खोले गेट

### बीएसएफ जवानों ने पाक रेंजर्स से हाथ नहीं मिलाया, पहलगाम हमले के बाद कम लोग पहुंचे

एजेंसी

**अमृतसर।** अमृतसर में अटारी बॉर्डर पर गुरुवार को रिट्रीट सेरेमनी के दौरान दोनों देशों के गेट नहीं खोले गए। बंद गेटों के बीच दोनों देशों के झंडे उतारे गए। इसके साथ बीएसएफ के जवानों ने पाक रेंजर्स से हाथ भी नहीं मिलाया।

वहीं सेरेमनी में लोगों की संख्या भी कम रही। रोजाना करीब 20 हजार लोग पहुंचते थे, लेकिन गुरुवार को सिर्फ 10 हजार लोग ही सेरेमनी में पहुंचे। इस दौरान लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए।

पंजाब पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण माहल ने कहा कि आज 105 भारतीय पाकिस्तान से भारत लौटे। 28 पाकिस्तानी नागरिक वापस पाकिस्तान गए हैं। सेरेमनी में कम लोगों के पहुंचने पर अरुण ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद लोगों में डर का माहौल है, लेकिन फिर भी यहां पहुंचे लोगों में उत्साह दिखा।


सूत्रों के मुताबिक, अभी भारत में करीब 6 से 7 हजार पाकिस्तानी मौजूद हैं। वहीं पाकिस्तान में करीब ढाई से 3 हजार लोग मौजूद हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है।

मौसम : दो दिन बाद आंधी और बारिश का अलर्ट

## प्रदेश के 6 जिलों में चली लू, बाड़मेर में पारा 44 डिग्री के पार

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ने से गर्मी तेज होने लगी है। बाड़मेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, कोटा, टोंक और पिलानी (झुंझुनूं) में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। ये जिले लू (हीटवेव) से प्रभावित रहे। जयपुर, उदयपुर, अजमेर समेत अन्य शहरों में भी दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई। गुरुवार को सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



मौसम विशेषज्ञों ने बताया- अगले दो दिन राज्य में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। 26 अप्रैल को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पूर्वी राजस्थान में एक्टिव होगा। इसके असर से 26 अप्रैल की शाम से भरतपुर, जयपुर संभाग के 6 जिलों में बादल छा सकते हैं। कई जगह 40 से 50 किमी प्रति घंटा तक की स्पीड से आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

### ह्यूमिडिटी लेवल 10 फीसदी से नीचे

गुरुवार सुबह 11 बजे तक कई शहरों में झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो गई। राज्य में तापमान ज्यादा होने और गर्म हवा चलने से मौसम सूखा हो गया। दिन में वातावरण में ह्यूमिडिटी (नमी) का लेवल 10 फीसदी से भी नीचे चला गया। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर, पिलानी, सीकर, उदयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, नागौर, डूंगरपुर, फतेहपुर समेत अन्य कुछ शहरों में ह्यूमिडिटी का लेवल 10 फीसदी से नीचे दर्ज हुआ।

### मई के पहले सप्ताह रहेगी गर्मी से राहत

आगामी दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। मई के पहले सप्ताह में तेज गर्मी और हीटवेव से लोगों को राहत मिलने की संभावना है। पूर्वी हवा एक्टिव होने और बैक-टू-बैक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने से 1 से 4 मई तक थंडरस्टॉर्म (बादल छाने, आंधी चलने, बारिश होने, बिजली चमकने) गतिविधियां होने की आशंका है।



पंकज चतुर्वेदी

**पर्यावरण मंत्रालय का आदेश है कि जल-निधियों के जल ग्रहण क्षेत्र या कैचमेंट एरिया के चारों और चालीस फुट दायरे में निर्माण नहीं हो सकता। किशोर सागर में तो निर्माण कर उसे डेढ़ एकड़ में समेट दिया गया। जरा अपने आसपास देखें, न जाने कितने किशोर सागर समय से पहले मरते दिख रहे होंगे। असल में ये तालाब-नदी नहीं मर रहे हैं, हम अपने आने वाले दिनों की प्यास को बढ़ा रहे हैं, जल संकट को बढ़ा रहे हैं, धरती के तापमान को बढ़ा रहे हैं**

मध्य प्रदेश में इन दिनों राज्य सरकार का 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चल रहा हैं। इसके तहत 30 मार्च, 2025 से 30 जून, 2025 तक राज्य में जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार करना है, जिसमें नदियां, तालाब, कुएं और बावड़ियां शामिल हैं। लेकिन प्यास और पलायन के लिए कुख्यात बुंदेलखंड के छतरपुर शहर में जैसे उलटी गंगा बह रही है। यहां एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल) के आदेश के बावजूद शहर के सबसे सुंदर किशोर सागर से अतिक्रमण तो हट नहीं पा रहा, उलटे कुछ पत्रकार इसके लिए लिखा-पढ़ी कर भी रहे हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे कर उनकी आवाज दबाई जा रही है।

महाराज छत्रसाल ने 1707 में जब छतरपुर शहर की स्थापना की थी तो यह वेनिस की तरह हुआ करता था। चारों तरफ घने जंगलों वाली पहाड़ियों और बारिश के दिनों में बह कर आने वाले पानी की हर बूंद को सहेजने वाले तालाब, तालाबों के बीच से सड़क और उसके किनारे बस्तियां। 1908 में ही इस शहर को नगर पालिका का दर्जा मिल गया था। आसपास के एक दर्जन जिलों, जो बेहद पिछड़े थे, से व्यापार, खरीदारी, सुरक्षित आवास जैसे कारणों के लिए लोग यहां आ कर बसने लगे। आजादी के बाद तो यहां का निवासी होना गर्व की बात कहा जाने लगा। लेकिन इस शहरी विस्तार के बीच धीरे-धीरे यहां की खूबसूरती, नैसर्गिकता और पर्यावरण में सेंध लगने लगी। अस्सी के दशक तक शहर में पानी का टोटा नहीं था और आज नल तो रीते हैं ही, कुएं और अन्य संसाधन भी साथ छोड़ गए हैं। हालांकि जनता जागी है तालाबों को बचाने के लिए। छतरपुर में ही जिस तालाब की लहरें कभी आज के छत्रसाल चौराहे से महल के पीछे तक और बसोरयाना से आकाशवाणी तक उछाल मारती थीं, वहां अब गंदगी, कंक्रीट के जंगल और बदबू रह गई है।

बुंदेलखंड का मिजाज है कि हर पांच साल में दो बार कम बारिश होगी ही। इसके बावजूद अस्सी के दशक तक छतरपुर शहर में पानी का संकट नहीं था। इस बीच बाहर से आने वाले लोगों की बाढ़ आ गई। उनकी बसाहट और व्यापार के लिए जमीन की कमी पड़ी तो शहर के दर्जन भर तालाबों के किनारों पर लोगों ने कब्जे करने शुरू कर दिए। उन दिनों तो लोगों को लगा था कि पानी की आपूर्ति नल या हैंड़पंप से होती है। जब तक लोगों को समझ आया कि नल या भूजल का अस्तित्व तो उन्हीं तालाबों पर निर्भर है, जिन्हें वे हड़प गए हैं तब तक देर हो चुकी थी।

किशोर सागर कानपुर से सागर जाने वाले राजमार्ग पर है,



उसके आसपास नया छतरपुर बसना शुरू हुआ था। सो, किशोर सागर पर मकान, दुकान, बाजार, मॉल, बैंक्वेट सभी कुछ बना दिए गए हैं। कहने की जरूरत नहीं कि कब्जे करने वालों में अधिकांश रसूखदार लोग हैं। कुछ सालों में बारिश के दौरान वहां बनी कालोनी के घरों में पानी भरने लगा तो लोगों ने प्रशासन को कोसा। किशोर सागर के बंदोबस्ती रिकार्ड के मुताबिक 1939-40 से 1951-52 तक खसरा नंबर 3087 का रकबा 8.20 एकड़ था। 1952-53 में इसके कोई चौथाई हिस्से को कुछ लोगों ने अपने नाम करवा लिया। आज पता चल रहा है कि उसकी कोई स्वीकृति थी ही नहीं, वह तो बस रिकार्ड में गड़बड़ कर तालाब को किसी की संपत्ति बना दिया गया था। 2011 में तब के कलेक्टर ने अधीक्षक भूअभिलेख, एसडीएम और नायब तहसीलदार को तालाब की जांच कर अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र जारी किया। तीनों अधिकारियों ने छह पन्ने की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को प्रेषित की। प्रतिवेदन में तालाब के मूल रकवे और भराव क्षेत्र को रेखांकित करते हुए नक्शा भी संलग्न किया। पता चला कि लोग तालाब में घुस गए हैं न कि पानी उनके घर में। मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया तो मामला एनजीटी की भोपाल बेंच पहुंचा। वहां ओए क्रमांक 22/2013 में 7 अगस्त, 2014 को एनजीटी ने किशोर सागर तालाब के मूल रकवा, भराव क्षेत्र और 10 मीटर के ग्रीन जोन को कब्जामुक्त करने का आदेश दिया। छतरपुर प्रशासन ने आदेश को दबा दिया। कब्जे तो हटे नहीं, बल्कि धीरे-धीरे तालाब के भराव क्षेत्र में कॉलोनी विकसित हो गई। जब एनजीटी के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ तो समाज के लोग फिर एनजीटी गए। आवेदन नंबर 04/21 (सीजेड) दिनांक 20 सितम्बर, 2021 को सुनवाई के उपरांत अधिकरण ने जिला न्यायालय छतरपुर में विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु प्रकरण अंतरित किया। तब से यह मामला छतरपुर के न्यायालय में विचाराधीन है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कलेक्टर संदीप जी आर को व्यक्तिगत नाम से पत्र जारी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। एक बार फिर कार्यपालिका हावी दिखी और कलेक्टर ने जिला जज के पत्रों का जवाब नहीं दिया। राज्य सरकार की योजना का जब प्रचार हुआ तो समाज ने एनजीटी के आदेश की याद दिलवाई। पहले तो प्रशासन ने पत्रकार पर ही मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी, फिर कुछ लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमा दिया।

मामला अकेले किशोर सागर का नहीं है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हिंड़न नदी हो या पंजाब का बुड्डा नाला या बलिया का सुरहा ताल या नैनीताल की झीलें एनजीटी आदेश दे देता है, लेकिन क्रियान्वयन एजेंसी अर्थात जिला प्रशासन हाथ पर हाथधरे बैठा रहता है। समझना होगा कि यह बात हमारे संविधान के मूल कर्त्तव्यों में दर्ज है, सुप्रीम कोर्ट कई मामलों में समय-समय पर कहता रहा है, पर्यावरण मंत्रालय के दिशा-निर्देश भी हैं, और एनजीटी का आदेश भी कि-किसी भी नाले, नदी या तालाब, नहर, वन क्षेत्र जो पर्यावरण को संतुलित करने का काम करते हैं-में किसी तरह का पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता। ऐसी जल-निधियों के जल ग्रहण क्षेत्र या कैचमेंट एरिया के चारों और चालीस फुट दायरे में भी निर्माण नहीं हो सकता। किशोर सागर में तो निर्माण कर उसे डेढ़ एकड़ में समेट दिया गया।


जरा अपने आसपास देखें, न जाने कितने किशोर सागर समय से पहले मरते दिख रहे होंगे। असल में ये तालाब-नदी नहीं मर रहे हैं, हम अपने आने वाले दिनों की प्यास को बढ़ा रहे हैं, जल संकट को बढ़ा रहे हैं, धरती के तापमान को बढ़ा रहे हैं।

(लेख में विचार निजी हैं)

## संपादकीय

# भारतीय विचार पर हमला

पहलगाम में सैलानियों पर हुआ क्रूर आतंकी हमला सिर्फ चंद लोगों को मार कर दहशत फैलाने के उद्देश्य से किया गया हमला नहीं था, बल्कि यह उन दावों पर भी हमला था जो मोदी सरकार पिछले लंबे समय से कश्मीर में शांति स्थापित होने, विकास की प्रक्रिया तेज होने और वहां एक निर्वाचित सरकार के प्रतिष्ठित हो जाने के तौर पर करती आ रही थी। यह भारतीय सुरक्षा बलों की कार्यकुशलता, कश्मीर की सुरक्षा तथा वर्तमान प्रशासन की सक्षमता पर भी सीधा हमला था। यह कश्मीरियों के साथभारत सरकार के सुधरते लगते रिश्तों पर भी हमला था। कश्मीर के पर्यटन पर प्रहार था और भारत की उस सांझी संस्कृति और सांझी चेतना पर भी प्रहार था जो धार्मिक एकता की प्रबल पक्षधर रही है और आतंक के बारे में कहती रही है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, वे सिर्फ आतंकवादी होते हैं। यह ध्यान रखने की बात है कि हमला उस समय हुआ जब प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे, अमेरिका के उप-राष्ट्रपति वेंस भारत के दौरे पर थे और जब भारत में मुस्लिम संगठन वक्फ कानून के विरोधमें भारत सरकार को सीधे चुनौती तो कहीं-कहीं धमकी देने के स्तर पर उतरे हुए हैं। इसलिए इस हमले के प्रभाव को मात्र कश्मीर तक सीमित न मान कर इन सभी परिघटनाओं के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जैसा कि आम तौर पर आतंकी घटनाओं के बाद होता है, इस बार भी हुआ है कि पूरा देश खदबदा रहा है। इस हमले को लोग कई नजरिए से देख रहे हैं। कुछ इसे भारत सरकार की असफलता मान कर घटना का दोष उस पर मढ़ रहे हैं तो कुछ इसे इस्लामी कट्टरपंथ से जोड़.रहे हैं। अब भारत सरकार के सामने एक नहीं, कई चुनौतियां आकर खड़ी हो गई हैं कि वह माने कि कश्मीर में आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है और जब तक बगल में पाकिस्तान है तब तक उसके खत्म होने की कोईसंभावना भी नहीं है। इसलिए उसे समझना होगा कि वह शांति क्षेत्रनहीं है जिसका वह दावा कर रही है, बल्कि निरंतर जारी युद्ध का क्षेत्रमें है, इसलिए उसे स्वयं को 24 घंटे युद्धके भाव में ही रहना होगा। उसके सामने दूसरी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह देश के भीतर उन तत्वों को सफल न होने दे जो भारत को अपने कुत्सित एजेंडे. के तहत अस्थिरता और असुरक्षा में धकेलने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। भारत सरकार के लिएयह सुखद स्थिति है कि इस हमले के बाद समूचा कश्मीर इस घटना की निंदा कर रहा है, और इसके विरुद्धउतर आया है।



## चिंतन-मनन

# ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?


अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत्? ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# किताबों से दूरी: समाज की नई दुर्बलता!



सोनम लववंशी

कभी किताबें धरोहर होती थीं, अब वे सिर्फ सजावट बनकर रह गई हैं। दीवारों पर टंगी तस्वीरों और दराज में पड़ी पुरानी डायरी की तरह किताबें भी बीते समय की याद भर हैं। यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस घोषित किया था ताकि समाज किताबों की अहमियत को दोबारा समझे, मगर आज सवाल ये है कि क्या हम वाकई समझना चाहते हैं? अब किताबें पढ़ी नहीं जातीं, खरीदी जाती हैं ताकि इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर लगाई जा सके। पढ़ने की जगह स्क्रॉल करने का चलन है। औसतन एक भारतीय प्रतिदिन 2.36 घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है, जबकि पढ़ने में महज 2.7 मिनट खर्च करता है। इससे ज्यादा किसी समाज की बौद्धिक दरिद्रता का प्रमाण और क्या होगा? पहले पढ़ा हुआ ज्ञान होता था, अब सुना हुआ भ्रम है। गूगल पर किताबों के बिना ज्ञान खोजिए, सैकड़ों वीडियो मिल जाएंगे जो साबित करने पर आमादा हैं कि बिना पढ़े भी दुनिया बदली जा सकती है। पर क्या सचमुच ऐसा है? क्या न्यूटन, टॉलस्टॉय, अंबेडकर या प्रेमचंद ने किताबों के बिना क्रांति की थी? नहीं। तो फिर आधुनिक भारत क्यों इस भ्रमित दिशा में बढ़ चला है? हम विश्वगुरु बनने को आतुर हैं, जबकि युवा पीढ़ी किताबों से दूर होती जा रही है। असर-2023 की



रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत के 14-18 वर्ष के 25 प्रतिशत विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में कक्षा दो की किताब तक नहीं पढ़ सकते। यह वही भारत है जहाँ शारदा पीठ, नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान केंद्रों ने विश्व को दिशा दी थी। एक अन्य रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर तीसरा ग्रेजुएट अपनी डिग्री के बाद फिर कभी कोई किताब नहीं पढ़ता। फिर भी हम समाज में विवेक, तार्किकता और आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं? आज पढ़ना 'बोरिंग' और रील्स 'एंटरटेनिंग' हो गई हैं। क्या यह मनोरंजन की लत हमारी मानसिक आजादी को नहीं निगल रही? आज का युवा ऐतिहासिक उपन्यास नहीं पढ़ता, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शॉर्ट्स जरूर देखता है। नतीजा ये है कि मोबाइल में डेटा तो भरपूर है, लेकिन मानव सोचने समझने की दृष्टि से रिक्त हो चला है। किताबें केवल सूचना नहीं देतीं, सोचने की कला सिखाती हैं। जो समाज किताबों से दूर होता है, वह आलोचना को सह नहीं पाता, वह भीड़ का हिस्सा बन जाता है, विचार का नहीं। तकनीक तात्कालिक ज्ञान देती है, जबकि किताबें स्थायी सोच रचती हैं। आजकल के युवा तकनीक से पढ़ाई कर समय बचाने पर गर्व करते हैं, लेकिन सवाल उठता है कि मानव ने समय बचाया या सोचने की क्षमता गंवा दी? एक समय था जब किताबें आंदोलन खड़ा करती थीं। स्वतंत्रता संग्राम में गीता रहस्य, डिस्कवरी ऑफ इंडिया और हिंद स्वराज जैसे ग्रंथों ने विचार और विद्रोह दोनों को जन्म दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 10 में से 4 सरकारी स्कूलों में पुस्तकालय ही नहीं हैं, और जहां हैं भी, वहाँ किताबें बंद अलमारी में कैद हैं। यह शिक्षा है या दिखावा? विश्व बैंक की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 कहती है कि किताबों से दूरी, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को कुंद कर रही है। लेकिन हमने पुस्तकालयों को 'बोझ' मान लिया है। शिक्षा नीतियों में डिजिटल लर्निंग के नाम पर किताबों को हाशिए पर डाल दिया गया है। यह कैसा न्यू इंडिया है जो ज्ञान का मंदिर ही समाप्त कर रहा है? हम किताबों को आदर तो देते हैं, पर पढ़ते नहीं। साहित्य महोत्सवों में लोग लेखक के साथ सेल्फी लेने आते हैं, किताबों पर चर्चा करने नहीं। यह ज्ञान का उत्सव है या लोकप्रियता का तमाशा? प्रश्न केवल यह नहीं कि हम पढ़ क्यों नहीं रहे, बल्कि यह है कि बिना पढ़े हम बन क्या रहे हैं? क्या तकनीक के भरोसे हम इंसान रह पाएंगे या डेटा-संचालित रोबोट बनते जाएँगे? किताबें केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं, चेतना का आधार हैं। जो किताबें छोड़ते हैं, वे सोचने की शक्ति भी खो बैठते हैं। और जो सोच नहीं सकते, वे केवल भीड़ का हिस्सा बनते हैं। क्या हम फिर से किताबों की ओर लौटेंगे या उन्हें सिर्फ 'बुकशेल्फ' में कैद रखेंगे? क्योंकि अगर हमने पढ़ना बंद कर दिया, तो अगली पीढ़ी सोचने से भी डरने लगेगी। और तब किताबें नहीं, शून्यता शेष रह जाएगी। सोचिए किताबें नहीं पढ़ी जाएँगी तो विचार कहाँ बचेंगे?

(स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी)

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# दिल्ली: इमारतों की सुरक्षा भगवान भरोसे



अमलेंदु भूषण खां


कुछ समय पहले थाईलैंड़ की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के झटके में एक निमार्णाधीन बिल्डिंग गिर गई थी। हालांकि किसी की मौत नहीं हुई थी। फिर भी थाईलैंड़ सरकार ने बिल्डिंग गिरने की घटना की जांच के लिए समिति बना दी ताकि पता लगाया जा सके कि निमार्णाधीन बिंल्डिंग में नियमों का पालन किया जा रहा था या नहीं। लेकिन भारत में एक के बाद एक मकान या बिल्डिंग गिरती जा रही हैं, और कई लोगों को जान तक गंवानी पड़ती है, लेकिन किसी तरह की सख्त कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी जाती। सवाल उठता है कि क्या बिल्डिंग या मकानों, जो बनाए जाते हैं, में निर्माण की मानकता का पालन किया जाता है, या नहीं। यदि किया जाता है, तो इस तरह की घटना क्यों होती है?

साल 2022 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोएडा में सुपरटेक ट्विन टावर्स का विध्वंस किया गया था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि टावरों का निर्माण अवैध रूप से और नियमों को ताक पर रख कर किया गया। सुपरटेक ट्विन टावर्स का विध्वंस पूरी दुनिया में सुर्खियां में बना था। कोर्ट ने यह भी पाया कि नोएडा प्राधिकरण और सुपरटेक के अधिकारियों के बीच 'घृणित मिलीभगत' थी, जिससे अवैध निर्माण को मंजूरी मिली। दिल्ली के मुस्तफाबाद में मकान गिरने से 11 लोगों की मौत और 11 लोगों के घायल होने की घटना संबंधित इस प्रकार की 'मिलीभगत' का ही एक ताजा उदाहरण है। मुस्तफाबाद में मकान गिरने का मामला कोई मामूली नहीं है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में यह पहला मामला है जब मकान गिरने से 11 लोगों की मौत हुई है। इलाके में धड़ल्ले से पांच से छह मंजिला मकान बन रहे हैं। फिर निगम अधिकारी आंखें मूंद लेते हैं। बिल्डर घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर फ्लैट बना कर बेच रहे हैं। स्थानीय निवासियों की मानें तो सीवर का गंदा पानी सालों से इमारतों की दीवारों में रिस रहा था और समय के साथ नमी ने बिल्डिंग को कमजोर कर दिया, जिससे दीवारों में दरारें पड़ गई। इसी वजह से यह हादसा हुआ। जिस मिट्टी पर बिल्डिंग या मकान बनाए जाते हैं, वो मिट्टी कितना वजन झेलने लायक है, इस ओर स्थानीय निकाय या एमसीडी ने क्या कभी ध्यान दिया है?

बुनियादी ढांचा जब ऊंची इमारतों का बोझ नहीं सह सकता तो ऐसे में हादसों को कौन रोक सकता है। मामला सिर्फ मुस्तफाबाद का नहीं है। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को एक महिला और उसके नाबालिग बेटों को 11 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया था। साल 1986-88 में झिलमिल कॉलोनी में 816 फ्लैटों के बहुमंजिला परिसर के निर्माण में शामिल अधिकारियों और ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करने के लिए सीबीआई जांच की मांग की गई थी। 20 जुलाई, 2000 को याचिकाकर्ता की पत्नी के दूसरी मंजिल के अपार्टमेंट की बालकनी ढह गई, जिससे उसका पति गिर गया और उसे चोटें आई। चिकित्सा सहायता और समय पर उपचार प्राप्त करने के बावजूद याचिकाकर्ता के पति ने दम तोड़ दिया। उन्होंने इस मौत के लिए 12 लाख रुपये के मुआवजे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि डीडीए अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिल कर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके धन का दुरुपयोग किया।

राष्ट्रीय राजधानी में करीब 1,700 अनधिकृत कॉलोनियां हैं, जहां लाखों लोग रहते हैं। ये कॉलोनियां बिना सरकारी मंजूरी के विकसित हुई और इनमें से कई में बुनियादी सुविधाएं जैसे पानी, बिजली और सीवरेज तक सीमित हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 साल में एमसीडी ने अवैध निर्माण के मामले में कुल 76,465 प्रॉपर्टी बुक कीं लेकिन कार्रवाई सिर्फ 62.4 प्रतिशत प्रॉपर्टी के खिलाफ ही की। 37.6 प्रतिशत प्रॉपर्टी के खिलाफ कोई एक्शन ही नहीं लिया गया। अवैध निमार्णों में बुक 11903 प्रॉपर्टी को एमसीडी ने सील कर छोड़ दिया। जितनी भी प्रॉपर्टी एमसीडी ने अवैध निमार्णों के मामले में बुक की हैं, उनमें से 98 प्रतिशत प्रॉपर्टी में लोग रह रहे हैं। इसी के चलते आए दिन बिल्डिंग गिरने से हादसे हो रहे हैं।

इसी तरह नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कम से कम 200 बिल्डिंग को अवैध घोषित किया गया है। इनका



निर्माण नियमों का उल्लंघन करके किया गया। शहरी विकास मंत्रालय जब तक अवैध कालोनियों के बसने पर रोक और पुरानी बिल्डिंगों के रखरखाव और संरचना की जानकारी अपने पास नहीं रखेगा तब तक मकानों के गिरने का सिलसिला जारी रहेगा।

# ग्राम पंचायत महुडी में पेयजल संकट के निदान जे लिए ब्लॉक अधिकारियों ने तीव्र गति से कार्य करवाकर समस्या का किया निदान



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** सज्जनगढ़ उपखण्ड की ग्राम पंचायत महुडी में पेयजल की समस्या के निवारण के लिए उपखण्ड अधिकारी ऋषिराज कपिल के निर्देशन में तहसीलदार हरीश सोनी, विकास अधिकारी हितेन्द्र त्रिवेदी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता लाडजी कटारा की टीम ग्राम पंचायत महुडी में पहुंची एवं जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से चर्चा कर पेयजल की समस्या वाले पॉइंटो की जानकारी ली एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियो एवं ठेकेदार को मौके पर बुलाकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुडी में पाईप लाइन जोड़कर नल कनेक्शन करवाकर तत्काल पेयजल व्यवस्था प्रारम्भ करवाई। ग्राम पंचायत के विभिन्न गाँवो में टंकिया भरवाकर एवं पानी का कनेक्शन देकर पशुओं हेतु पीने के पानी की व्यवस्था करवाई। साथ ही ग्राम पंचायत में जितने भी हैण्डपम्प खराब है सभी को तत्काल दुरस्त करवाकर सुचारु रूप से चालू करवाए। इस मौके पर ग्राम पंचायत महुडी के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव की तैयारी बैठक सम्पन्न

# विद्या भारती विद्यालयों का वार्षिकोत्सव 2 मई को



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** विद्या भारती संस्थान, बांसवाड़ा द्वारा संचालित बांसवाड़ा नगर के विद्यानिकेतन विद्यालयों के आगामी 2 मई, शुक्रवार को होने वाले भव्य वार्षिकोत्सव की तैयारियों को संबंध में महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को राति तलाई स्थित विद्या निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई। वार्षिकोत्सव का आयोजन 2 मई को हरिदेव जोशी रंगमंच में शाम को 7 बजे किया जाएगा। बैठक में संकुल प्रमुख गोविंदसिंह राव ने नगर के आचार्य-दीदी को वार्षिकोत्सव के निमित्त विभिन्न कार्यक्रम और व्यवस्थाओं का प्रभारी नियुक्त कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में राव ने निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन हेतु पूरी संकुल टोली को अपने दायित्व का निर्वहन करना है। बैठक में बालिका उच्च माध्यमिक की प्रधानाचार्य ममता अधिकारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय राति तलाई के प्रधानाचार्य शिवगिरी गोस्वामी और मंदारेश्वर संकुल के सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे। ये जानकारी मीनाक्षी गर्ग ने दी।

# पालोदा के विप्र वरिष्ठ शंकरलाल त्रिवेदी को ब्रह्मऋषि सम्मान से सम्मानित



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा के द्वारा वरिष्ठ विप्र सम्मान के निर्णायानुसार आज गढ़ी तहसील के आसोडा और पालोदा के विप्र पदाधिकारियों द्वारा आज सम्मान किया गया। पालोदा के वरिष्ठ आदरणीय शंकर लाल त्रिवेदी को ब्रह्मऋषि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालोदा से कमला शंकर पंडया, प्रशांत भाई, लक्ष्मण लाल पड्या, आसोडा से गिरिजा शंकर पंड्या, महेंद्र पंडया, भगवती शंकर दवे,, उपेंद्र पंडया, सूर्य नारायण पंडया, रजनी कांत पंड्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर आदरणीय विप्र गौरव शंकर लाल त्रिवेदी को पगड़ी पहना, विप्र उपरना ओढ़ा,भगवान परशुराम की तस्वीर भेट कर ब्रह्मऋषि सम्मान पत्र दिया गया। इस अवसर पर शंकर लाल जी त्रिवेदी ने विप्र फाउंडेशन और उपस्थित समस्त पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।

# भूमि पूजन के साथ ही भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित होगी, तैयारियां जोरों पर, संत ने किया भूमि पूजन



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा तलवाड़ा:** 10 वर्षों की प्रतिक्षा के बाद ऐसा योग आया कि भगवान परशुराम की प्रतिमा निर्मित होकर शिल्पीकार नारायणलाल सोमपुरा के मूर्ति घर में 10 वर्षों से पड़ी हुई थी। अचानक ऐसा योग बना कि जो पूर्व में चिन्हित स्थान बताया गया था वहीं स्थापित होगी।



मूर्वर्तनी एकादशी गुरुवार को गणेश मंदिर परिसर में अभिजीत मुहूर्त में गाजे बाजे ओर शंख ध्वनि के साथ पंडित निखलेश शुक्ला के आचार्यत्व में विधि विधान से गणेश पूजन के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गो संत रघुवीरदास महाराज के सानिध्य में तथा वैष्णव समाज एवं गणेश विकास व्यवस्था समिति के नेतृत्व में गणेश पूजन ओर भूमि पूजन कर प्रतिमा को उचित स्थान पर लाकर रखा गया। इस अवसर पर वैष्णव समाज अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी, गणेश विकास व्यवस्था समिति अध्यक्ष अनिल सोनी, बृजमोहन त्रिवेदी, हरिवंश शरण, गजेन्द्र, सुरेश, नरेंद्र, ललित, सूर्यकांत, निरंजन, प्रमोद, नीतीश, कपिल, कृष्णलाल, आशीष, पंकज, कचरू भाई, विद्याधर आदि मौजूद थे। गौ संत रघुवीरदास महाराज का स्वागत चन्द्रशेखर त्रिवेदी ने तिलक व फूल माला पहना कर किया। परशुराम युवाओं ने उपस्थित सभी वैष्णव समाज के प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया।

### भारतीय जनता पार्टी मण्डल सज्जनगढ़ की बैठक हुई आयोजित

# कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना पर कड़ी कार्यवाही की मांग एवं मृतको को दी श्रद्धांजलि

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय जनता पार्टी सज्जनगढ़ की बैठक मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया की अध्यक्षता, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रताप पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं जिला मंत्री लालसिंह वड़खिया, वरिष्ठ नेता दिलीप पटेल, पूर्व सरपंच एवं उपाध्यक्ष जगमाल गरासिया, बहादुर वड़खिया, हकरचंद भूरिया, मण्डल महामंत्री मयूर कलाल, नरसिंह निनामा के विशिष्ठ आतिथ्य मे कलाल समाज नोहरे मे आयोजित की गई। पूर्व मण्डल महामंत्री महेश कुमार ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा की गई एवं मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने एवं ऐसे दुर्दांत आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। जिसके पश्चात भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर समरसता पर्व मनाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुवे पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर ने बाबा साहेब के जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी। साथ ही बीएलए 2 प्रपत्र भरने के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी 2 दिवसों में समस्त बूथों की बैठक आयोजित कर कार्य पूर्ण कर आवेदन जमा करवाने की बात कही। मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला आईटी प्रभारी अरविन्द कलाल, प्रदीप भूरिया, लालसिंह निनामा, भरत भाई लबाना, चंदूलाल गायरी, कालूसिंह डिंडोर, कन्ना कटारा, दीपचंद चरपोटा, गिरीश कलाल, मनीष कलाल, नीलम गरासिया, विनोद गरासिया सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिट वेव को लेकर सीएमएचओ राठौड़ ने ली खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्मिको की बैठक - दिये आवश्यक निर्देश

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी खुशपाल राठौड़, निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से नियुक्त बांसवाड़ा जिला नोडल अधिकारी डॉ एस एम स्वामी एवं आरएसीएचओ बांसवाड़ा डॉ दिनेश चंद्र भाभोर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। वर्तमान में मौसम में भारी गर्मी के कारण हिट वेव की स्थिति को देखते हुवे व्यवस्थाओं की जाँच की। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों एवं चिकिस्ता विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली। बैठक को सम्बोधित करते हुवे सीएमएचओ राठौड़ ने हीट वेव (लू) से बचाव एवं उपचार के उपायो की जानकारी देते हुवे कहा की हीट वेव अत्यधिक गर्मी की स्थिति होती है जो शरीर पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। इसके कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और थकावट जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। जिनसे बचाव के उपाय: 1. धूप में निकलने से बचें, सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें, जब तापमान सबसे अधिक होता है। 2. ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें सूती कपड़े शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। 3. पानी अधिक मात्रा में पिएं शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है, चाहे प्यास लगे या नहीं। 4. नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी लें ये शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करते हैं। 5. धूप में बाहर जाएं तो सिर को ढकें टोपी, छाता या गमछे का प्रयोग करें। 6. भारी भोजन से परहेज करें हल्का व पचने योग्य खाना खाएं। 7. घर को ठंडा रखें परदे, पंखे, कूलर या ए.सी. का प्रयोग करें। उपचार के उपाय बताते हुवे जल्द ही हीट स्ट्रोक के लक्षण पहचानें: तेज बुखार (104°F या अधिक) चक्कर आना, सिर दर्द, उल्टी या मतली, त्वचा का लाल और सूखा होना, बेहोशी 2. व्यक्ति को तुरंत ठंडी जगह पर लाएँ उसे छाया या एयर कंडीशन्ड कमरे में ले जाएं 3. शरीर को ठंडा करें, ठंडे पानी से स्पंज करें, बर्फ की पट्टी सिर, गर्दन और बगल में रखें। 4. पानी या इलेक्ट्रोलाइट दें यदि व्यक्ति होश में हो तो हृरस, नींबू पानी या नारियल पानी पिलाएं। 5. जरूरत पड़े तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं हीट स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है। इस मौके पर खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निलेश सोनी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर नयन हड़कशी एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी मण्डल सज्जनगढ़ की बैठक हुई आयोजित

# कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना पर कड़ी कार्यवाही की मांग एवं मृतको को दी श्रद्धांजलि

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय जनता पार्टी सज्जनगढ़ की बैठक मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया की अध्यक्षता, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रताप पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं जिला मंत्री लालसिंह वड़खिया, वरिष्ठ नेता दिलीप पटेल, पूर्व सरपंच एवं उपाध्यक्ष जगमाल गरासिया, बहादुर वड़खिया, हकरचंद भूरिया, मण्डल महामंत्री मयूर कलाल, नरसिंह निनामा के विशिष्ठ आतिथ्य मे कलाल समाज नोहरे मे आयोजित की गई। पूर्व मण्डल महामंत्री महेश कुमार ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा की गई एवं मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने एवं ऐसे दुर्दांत आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।



जिसके पश्चात भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर समरसता पर्व मनाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुवे पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर ने बाबा साहेब के जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी। साथ ही बीएलए 2 प्रपत्र भरने के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी 2 दिवसों में समस्त बूथों की बैठक आयोजित कर कार्य पूर्ण कर आवेदन जमा करवाने की बात कही। मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला आईटी प्रभारी अरविन्द कलाल, प्रदीप भूरिया, लालसिंह निनामा, भरत भाई लबाना, चंदूलाल गायरी, कालूसिंह डिंडोर, कन्ना कटारा, दीपचंद चरपोटा, गिरीश कलाल, मनीष कलाल, नीलम गरासिया, विनोद गरासिया सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जखराना गांव में शिव परिवार, दुर्गा माता और हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया





**बहरोड़। (धर्मेन्द्र चर्खिया)** उपखंड क्षेत्र गांव जखराना में गुरुवार को शिव परिवार, दुर्गा माता और हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गांव की 501 महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई उसके बाद सुबह हवन यज्ञ के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया । पंच रमेश यादव, विपिन यादव और पवन कुमार ने बताया कि गांव के जटगांवड़ा रोड पर कॉलोनी के लोगों ने आपसी सहयोग से लाखों रुपए खर्च कर मंदिर का निर्माण किया। जिसमें शिव परिवार, दुर्गा माता और हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई। मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से पूजन कर मूर्तियों की स्थापना की गई। इससे पहले गांव की 501 महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई और मूर्तियों का गांव में भ्रमण करवाया गया। इस दौरान धार्मिक भजनों पर महिला भक्त पारंपरिक परिधान पहने हुए नाचते गाते हुए शामिल हुई। गांव के प्रमुख रास्तों, गलियों और मोहल्लों से कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कविता यादव, बिमला तिवारी, बहन राजबाला आर्य, स्नेहलता शर्मा, उषा यादव, ग्यारशी, बिमला देवी, शकुन्तला, कृष्णा देवी, संतरा देवी, सुमित्रा देवी, शर्मिला, राजबाला, मनीषा, मधु, प्रियंका, रोशन, रेणू, सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# लघु उद्योग भारती बहरोड इकाई (कार्यकाल: 2025 - 2027) की नवगठित PST कार्यकारिणी का हुआ गठन

मरुधर विशेष



**बहरोड़।(धर्मेन्द्र चर्खिया)** निशिव एग्रो इंडस्ट्रीज, बहरोड में लघु उद्योग भारती बहरोड इकाई (कार्यकाल: 2025 - 2027) की नवगठित PST कार्यकारिणी का गठन एवं शुभारंभ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र व भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।


**विशेष श्रद्धांजलि:**

कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन की ओर से यह संकल्प लिया गया कि हम हर स्तर पर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। नवमनोनीत PST टीम (2025 - 2027) की कार्यकारिणी में अंकुर अग्रवाल को अध्यक्ष,देवेंद्र यादव को सचिव व मनोज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया कार्यक्रम में के के यादव, देवेंद्र यादव, अंकुर अग्रवाल , मनोज अग्रवाल , कृष्ण कुमार यादव, राकेश शर्मा ,वीरेंद्र प्रजापति, सुभाष अग्रवाल, जयप्रकाश चौधरी, सुनील यादव, दिनेश अग्रवाल, बृजराज चौहान, विजय, डॉ. परविंदर, दीनदयाल खंडेलवाल, हिमांशु अग्रवाल, राकेश, संदीप, कवित गुप्ता, विक्रम चौधरी, अनिल यादव, डॉ. विजय, संदीप यादव, सहित अनेक सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। संरक्षक के. के. यादव ने नवकार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा :"यह टीम संगठन की सशक्तता, उद्योगहित और राष्ट्रीय भावनाओं के लिए संकल्पित होकर कार्य करेगी।"

**भविष्य की योजना:**

25 अप्रैल 2025 को लघु उद्योग भारती स्थापना दिवस का आयोजन श्रीराम पाइप फैक्ट्री, बहरोड में प्रस्तावित है। - सदस्य संख्या को 100+ करने का लक्ष्य। - नव PST टीम को आज से ही दायित्व सौंपे गए।

# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहा कोटड़ा





मरुधर विशेष

**कोटड़ा** पहलगाम हमले के विरोध में दिनांक 24 अप्रैल गुरुवार को कोटड़ा कस्बा बंद रहा। कोटडा कस्बे में रैली निकाल राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार लालाराम मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। कोटडा हिंदू समाज अध्यक्ष पूरणताल प्रजापत ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में गोली मारने से समग्र समाज में रोष है। हमले के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने कोटड़ा कस्बा बंद कर माताजी मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां से मुख्य बाजार, कोतवाली, लखारा बाजार, सोनी बाजार, सदर बाजार होते हुए गणेश चौराहा, कस्बे के मुख्य मार्ग से रैली निकालते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचें। यहां पर दो मिनट मौन रखकर मृतकों को ब्रद्धांजलि दी गई। वहीं गद्दारों को गोली मारने, पाकिस्तान हाय हाय, मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान किशन पंड्या, एडवोकेट हिम्मत तावड़, सवजी राम खैर, पूरणलाल प्रजापत ने संबोधित किया। थानाधिकारी रामरूप मीणा जाब्ते सहित मौजूद रहे।

# बाबा भैरव बाबा का दो दिवसीय कार्यक्रम शुभारंभ

### मेले एवं भंडारे का होगा आयोजन आज



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर कस्बे के जौनायचा खुर्द रोड पर स्थित भैरव मन्दिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार से शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम के शुभारंभ पर भैरु बाबा की रथ सवार झांकी को 551 महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण करवाया। कलश यात्रा एवं झांकी को भाजपा नेत्री डॉ.अंजली यादव, समाजसेवी गिर्राज यादव द्वारा फीता काटकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रथ सवार बाबा काल भैरव की झांकी का कस्बे मे जगह जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों का स्वागत बाबा भैरव विकास समिति प्रमुख राजेन्द्र यादव, रतनलाल सैनी, उमेश राय, योगेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, एडवोकेट समीर यादव द्वारा माला, पटाका एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। अध्यक्षता सरपंच वीरमती यादव ने की। इधर महोत्सव के तहत शुक्रवार 25 अप्रैल को विशाल भण्डारा एवं यश जागरण पार्टी द्वारा बाबा भैरव की महिमा का गुणगान किया जायेगा। इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड स्कूल प्रबंधक रुपेश यादव, दीपक यादव, सतीश, साहिल यादव, ज्योतिबा फुले मंच के भोलु सैनी, छुट्टन यादव, स्वाती गुप्ता, रमा, सुशीला, मधु, सावित्री, छोटू सैनी, अनिल यदुवंशी, सचिन जांगिड सहित बडी संख्या मे कस्बेवासी उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों ने आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि,कैंडल मार्च निकाला



मरुधर विशेष

**खेड़ली।जम्मू** कश्मीर के पहलगाव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों पर हमला कर हत्या करने का पूरे प्रदेश भर में रोष और आक्रोश व्याप्त है

खेड़ली उपजिला अस्पताल के चिकित्सकों तथा नर्सिंगकर्मियों,आयुर्वेद चिकित्सक ने उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉ अंकित जेटली के नेतृत्व में मृतकों की प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा तथा कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी

तथा पाकिस्तान के इशारे पर हुए इस आतंकवादी हमले को कायरतापूर्ण कार्यवाही बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की।इस मौके पर प्रधानमंत्री से एक बार फिर आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा दुश्मन देश पर आहत देशवासियों की भावना को देखते हुए सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग की। इस अवसर पर चिकित्सक हीरेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र प्रजापत,विनेश यादव, दिनेश यादव,अल्का गुरावा, आयुर्वेद चिकित्सक भागचंद शर्मा, नर्सिंगकर्मी उदय चंद मीणा, हनुमान, प्रदीप शर्मा, चांदनी चौधरी, ममता यादव,विनेश कुमारी, सीमा शर्मा, मनीषा यादव,राजू, जितेंद्र कुमार, रमाकांत वर्मा सहित चिकित्सालय स्टाफ रहा।

# केकेआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, अर्पित की श्रद्धांजलि




मरुधर विशेष

**टपूकड़ा।** पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिवार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कैंडल मार्च और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रकट की।कार्यक्रम की शुरुआत सनबीम चौक से हुई, जहां से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए शांति और भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थितजनों ने शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। अंत में हनुमान चालीसा का जाप कर परमात्मा से देश के अमन चैन की कामना की गयी। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप दायमा, गजेंद्र सिंह (भगवती प्रोडक्ट), आनंद अग्रवाल, संदीप यादव, नरेंद्र शेखावत, उम्मेद सिंह, मनीष मिश्रा, शंकर अग्रवाल, युद्धवीर, सचिन चौहान, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति, कर्मचारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# बानसूर पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक में हंगामा, सरपंच पति ने पंचायत समिति को मेंटल कहने पर हुआ विवाद,

## प्रधान सुमन यादव बैठक को बीच में छोड़कर चैंबर में जा बैठी, सदस्यों ने कार्रवाई की मांग की

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को प्रधान सुमन यादव की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी सहित कई मुद्दे उठाए।इस दौरान विकास अधिकारी महेन्द्र यादव ने कार्यों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान बैठक में के मुद्दों को लेकर हंगामा हो गया।पंचायत समिति सभागार में हरसौरा पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 18 के राम मित्तल और हरसौरा सरपंच धोली देवी के पति रमेश अंबावत के बीच नोंक झोंक हो गई। हरसौरा सरपंच पति रमेश अंबावत ने पंचायत समिति सदस्य राम मित्तल को भरी सभा में मेंटल कह दिया। जिसको लेकर दोनों आमने - सामने हो गए। इस दौरान विकास



अधिकारी महेन्द्र सैनी ने बीच बचाव करवाया और साधारण सभा को बीच में स्थगित कर दिया और प्रधान सुमन यादव बीच में ही सभागार छोड़कर चली गई। इस दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने सरपंच पति से माफी मंगवाने ओर कार्रवाई करने की मांग की है।

इससे पहले बैठक में कल्याणपुरा सरपंच हरफूल मीणा ने कल्याणपुरा सड़क पर पुल पर सेफ्टी दीवार नहीं होने से आए दिन वाहन हादसे का शिकार हो रहे है। विभाग को कई बार शिकायत के बाद भी सेफ्टी दीवार नहीं लगाई गई। कल्याणपुरा में जल जीवन मिशन योजना का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल समस्या बनी हुई है।

पंचायत समिति सदस्य रामवतार शर्मा ने रामपुर में जल जीवन मिशन योजना को लेकर मुद्दा उठाया।





उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना की ट्यूबल अभी तक नहीं हुई है और पंचायत समिति की ओर से दो सिंगल फेस बोरिंग करवाई गई है उनको विभाग अपने अंडर में लेकर थ्री फेस करवाई जाए। विभाग की ओर से जल जीवन मिशन योजना का कार्य पूरा नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं से 2100 रूपये जमा करवाने के बाद भी विभाग बिल जारी कर रहा है। विभाग के ऐईएन विजय मिरवाल ने जवाब देते हुए कहा कि एक अप्रैल से बिल जारी करने बंद कर दिए है। हरसौरा में ट्यूबल की सभी केबल खराब पड़ी हुई है। बंजारा बस्ती में पेयजल आपूर्ति के लिए ट्यूबल लगवाने ओर कर्मचारी लगाने की मांग की गई।

पंचायत समिति सदस्य राम मित्तल को सभा में गलत शब्दों का उपयोग करने पर पंचायत समिति सदस्यों ने प्रधान को निंदा प्रस्ताव की मांग की है। मामले को लेकर विकास अधिकारी महेन्द्र सैनी ने बताया कि सरपंच पति ने गलत शब्दों का उपयोग किया है। जिसको सभा की कार्रवाई से हटाया गया है। और पंचायत समिति सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव को लेकर प्रधान सुमन यादव को पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि सभा में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना गलत है।

# विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ सहायक के लिए बैठक

### सरकार की योजनाओं का लाभार्थियों को शीघ्र ना पहुंचाने के निर्देश

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** विकास अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा गुरुवार को पंचायत समिति सभागार नीमराना में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु ग्राम विकास अधिकारीयों एवं कनिष्ठ सहायको की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा सभी ग्राम विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए गये कि प्रधानमंत्री आवास योजना के जिन लाभार्थियों की द्वितीय व तृतीय किश्त का भुगतान किया जाना है, उन सभी लाभार्थियों के प्रधानमंत्री आवास की जिओ टैग किया जाना सुनिश्चित करें । इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों का सर्वे 30 अप्रैल से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए कि यह



सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास के सर्वे से वंचित नहीं रहे । उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादो का समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का ध्यान रखें तथा ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर अच्छी गुणवत्ता के स्थाई स्टेंड वाले गीला व सूखा कचरा के डस्टबिन लगवाये जावे जिससे नियमित साफ सफाई कार्य के दौरान इसका सदुपयोग हो सके । उन्होंने ग्राम विकास अधिकारीयों एवं कनिष्ठ सहायको को निर्देशित किया कि महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाए तथा नरेगा कार्य स्थल पर छाया, पानी, मेडिकल किट आदि की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने टी एफ सी , एस एफ सी, एम पी लैड एवं एम एल ए लैड योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को चालू कराने तथ चालू कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका कहना समायोजन करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल, रामहंस गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी राजेश कुमार कंडेरा, सहायक अभियंता नरेंद्र शर्मा, कनिष्ठ तकनीकी सहायक सुरेन्द्र चौधरी, मुकेश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी महावीर प्रसाद यादव, नितिन चौधरी, कमलेश सैनी, उमेश यादव, अंकित यादव, प्रेम वीर यादव, गौरव सिंह, हिंमाशु चौहान, गजराज सिंह यादव, राहुल चौहान, कनिष्ठ सहायक अल्का मीणा, सरिता यादव, अजय कौशिक, दीपचंद, गजेन्द्र, हरिसिंह मीणा, जगदीश प्रसाद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग,** । प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं, आमजन की मूलभूत सुविधाओं एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर समयबद्ध रूप में प्रभावी क्रियान्वयन कराए। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल मौजूद रहे।

### अवैध कनेक्शन पकड़े जाने पर विभाग द्वारा 11000 रुपए की लगाई जाएगी पेनल्टी

बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने क्षेत्र में बिजली, पेयजल, चिकित्सा, सड़क सहित अन्य



विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, ताकि महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग किस क्षेत्र में कब पानी देते है इसकी जानकारी दें ताकि नियमित पर्यवेक्षण किया जा सके। ग्राम अऊ निरीक्षण के दौरान पानी के व्यर्थ व्यय के वाकया पर उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि वे लाइनमैन के माध्यम से जहां कहीं भी पानी रिसाव होता है उसे बंद करवाए। श्री सरवन ने विधिवत अभियान चलाकर पानी बर्बाद न करने के प्रति जागरूकता फैलाने एवं आमजन से गर्मी के सीजन के दृष्टिगत पानी व्यर्थ न करने की अपील की। पानी के अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए जलदाय विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध कनेक्शन पकड़े जाने पर विभाग द्वारा 11000 रुपए की पेनल्टी लगाई जाती है। इसके साथ ही संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

### हीट वेव के मद्देनजर चिकित्सा विभाग करे पुख्ता इंतजाम

जिले में हीट वेव व लू-तापघात से बचाव हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले के चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव के मद्देनजर कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर, ओरआरएस के पैकेट, दवाइयां इत्सादि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन को हीट वेव व लू-तापघात से बचाव हेतु सरकार द्वारा जारी एडवायजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में समुचित व्यवस्था रखने एवं रसद अधिकारी से समन्वय करते हुए मिड डे मील के अंतर्गत बेहतर सुविधा मुहैया कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए। समाज कल्याण विभाग को शिक्षा विभाग के हाउसहोल्ड सर्वे से डाटा लेते हुए शेष बचे पालनहार का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग के अधिकारी से पशुओं के लिए पर्याप्त दवा, छाया व्यवस्था, एम्बुलेंस, चिकित्सक आदि आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए गए। अवैध खनन को लेकर संबंधित विभागों ने खनन एवं ओवरलोडिंग संबंधी जानकारी सांझा की।

# टीम 'वक़्त पे रक्त' की सदस्यों ने रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** एसएमएस हॉस्पिटल, जयपुर में पिछले दो महीनों से चल रहे एक जटिल बोन मैरो ट्रांसप्लांट केस के दौरान, मानवता की सेवा में समर्पित टीम 'वक़्त पे रक्त' ने एक बार फिर अपनी निष्ठा और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। टीम की सक्रिय सदस्य लेखक दीपदीपिका मोलावास, राकेश जयपाल, महेश गुर्जर, अजय कुमार ने बीती रात 1 बजे आवश्यक रक्तदान कर मरीज को जीवनदायिनी सहायता प्रदान की। यह रक्तदान एक महत्वपूर्ण क्षण पर हुआ जब मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी।



टीम 'वक़्त पे रक्त' लगातार मरीज भरत के उत्तम स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रयासरत है। यह कार्य न केवल मानवीय संवेदना का प्रतीक है, बल्कि समाज में रक्तदान जैसे महान कार्य के प्रति जागरूकता फैलाने का भी प्रेरणास्रोत है। दीपदीपिका का यह निःस्वार्थ कार्य समाज को यह संदेश देता है कि सही समय पर दिया गया रक्तदान, किसी की जिंदगी बचा सकता है। टीम 'वक़्त पे रक्त' द्वारा किया गया यह प्रयास निश्चित ही मानव सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय कदम है।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान कांग्रेस के जिला महासचिव एडवोकेट अशोक ढिंढोरिया को बनाए जाने पर अभिभाषक संघ ने किया सम्मान



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान कांग्रेस के जिला कोटपूतली -बहरोड का एडवोकेट अशोक कुमार ढिनढोरिया को महासचिव नियुक्त किये जाने पर अभिभाषक संघ नीमराना के अधिवक्ताओं ने उनका गुरुवार को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अधिवक्ताओं के द्वारा खुशी का इजहार कर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई ।इस अवसर पर वीर सिंह यादव एडवोकेट, विजय प्रकाश शर्मा एडवोकेट, अशोक पनवाल, अशोक निमोरिया, देवानंद मोरोडिया,गजेन्द्र सिंह, विजय चौहान, सतीश निमोरिया, रामनिवास सामरिया, सुनील चौहान, संजय शर्मा, राजेन्द्र सिंह, पूर्ण सिंह, मनीष यादव,सुरेश जलालपुरिया, अशोक आर्य,धर्मेन्द्र यादव, जयकिशन,पवन सिरोहीवाल, पंकज कौशिक, हिम्मत सिंह आर्य एडवोकेट, रविन्द्र यादव, विष्णु, सरजीत सिंह टाइपिस्ट आदि मौजूद रहे।

# ईमानदारी की मिसालः टेंट के पंडाल में युवक को मिला नोटों एवं आभूषण से भरा बैग, लौटाया वापस

मरूधर विशेष

**दिनेश लेखी कठूमर।** कहते हैं ईमानदारी है तभी समाज व इंसानियत जिन्दा है। कठूमर क्षेत्र गांव भोजपुरा में ईमानदारी की ऐसी की एक मिसाल देखने को मिली जहां एक व्यक्ति ने को दो लाख रुपये एवं आभूषण से भरा बैग मिला जो मनोज टेंट हाउस पचकुई ने फोन कर राजेश शर्मा को वापस कर दिया। उपखण्ड क्षेत्र के भोजपुरा ग्राम में ईमानदारी की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। सामाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत शिक्षक भूमिदत्त शर्मा ने बताया कि भोजपुरा ग्राम में मेरे परम मित्र स्वर्गीय मंगतू राम शर्मा शिक्षक के पौत्री और राजेश शर्मा की पुत्री का विवाह समारोह था।जिसमें शिक्षक राजेश जो लड़की के पिता है, वे



अपनी मिलनी इत्यादि के कार्यक्रम में व्यस्त हो गए और पंडाल में लगभग दो लाख रूपया और सोने के आभूषण उनके बैग में थे जो बैग पंडाल में रह गया।अपनी शादी के कार्यक्रम में व्यस्त रहते हुए उन्हें दूसरे दिन याद आया कि मेरा बैग कहां है, तो उन्होंने इधर-उधर तलाशा लेकिन बैग नहीं मिला। इसके तुरंत बाद उन्होंने मनोज टेंट हाउस पंचकुई को फोन किया कि इस प्रकार हमारा एक बैग पंडाल में था वह कहीं रह गया है तो उन्होंने जो मैट धरती पर बिछाई जाती है उन मैट को इकट्ठा किया और पंचकुई जाकर जब खोला तो उसमें वह बैग मिला। मनोज टेंट वालों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग में रखी राशि व सोने के आभूषण राजेश शर्मा को सुपुर्द कर ईमानदारी की एक मिसाल कायम की। लोगों ने ऐसे ईमानदार व्यक्ति और संस्था टेंट मलिक का सभी व्यक्तियों ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का किया विस्तार

मरूधर विशेष

**बहरोड़।(धर्मेन्द्र चर्खिया)** कस्बे के पुराना बाजार स्थित अग्रवाल भवन में बुधवार देर शाम को अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जहां पर नवयुवक मंडल,महिला मंडल कि नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने योगेश गोयल को सचिव, मुकेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, नीतू महेश अग्रवाल को महिला मंडल अध्यक्ष , कीर्ति गोपाल अग्रवाल को सचिव व कोषाध्यक्ष मधु रमन गोयल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही आलोक अग्रवाल



नवयुवक मंडल अध्यक्ष, लोकेश अग्रवाल सचिव एवं कोषाध्यक्ष हर्षित जैन को कोषाध्यक्ष बनाया। कार्यकारिणी के गठन के बाद अध्यक्ष ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर समाज हित में काम किए जाएंगे। इस दौरान समस्त कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, एडवोकेट हरीश गुप्ता, महेश अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, राकेश अग्रवाल, लख्मीचंद अग्रवाल, रोहिताश गुप्ता, संजय अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, माया सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रो. हरिप्रसाद अग्रवाल ने किया।

# झज्जर जिला की नवनियुक्त पुलिस कमीशनर डॉ राजश्री से जसबीर सैनी नें की शिष्टाचार भेंट



मरुधर विशेष सुनीता सैनी

**बावल** भाजपा नेता एवं ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें आज हरियाणा प्रदेश की बहुत ही ईमानदार व ऊर्जावान IPS अधिकारी व राष्ट्रीय पुलिस पदक से सम्मानित, बहुत ही अच्छी खिलाडी,महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत झज्जर जिले की पुलिस कमीशनर डॉ राजश्री नविंदर सिंह से उनके कार्यलय मे शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई देते हुए उन्हें देश की राष्ट्रीयपति द्रोपदी मुर्मू की तस्वीर भेंट की द्य सैनी नें कहा की नायब सरकार मे पुलिस प्रशासन ईमानदारी के साथ अपना काम करें द्य गरीब आदमियों की सुनवाई हो, उन्हें न्याय मिले यही नायब सरकार की प्राथमिकता है द्य वही जो प्रदेश के माहौल को खराब करें उस के साथ सख्ती से निपटा जाए द्य नायब सरकार प्रदेश मे कानून व्यवस्था को सदृढ़ व मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है द्य सैनी नें नवनियुक्त पुलिस कमीशनर से आग्रह किया की आमजन के साथ सम्मान -पूर्वक व्यवहार हो, उनकी बात को सुना जाए द्य किसी के साथ गलत ना हो सभी को न्याय मिले द्य ताकि आमजन का पुलिस प्रशासन की तरफ और विश्वास बढे पुलिस कमिशनर नें आमजन से पुलिस प्रशासन के सहयोग के साथ -साथ अपील करते हुए कहा की कोई भी आमजन अपनी समस्या लेकर हम से मिल सकता है द्य झज्जर की पूरी पुलिस प्रशासन की टीम आमजन के सहयोग के लिए वचनबद्ध है द्य वही सैनी नें झज्जर जिला की पुलिस कमिश्नर महिला होना गौरव का विषय बताया द्य क्यों की अब महिलाएं अपनी शिकायते खुलकर उच्च -अधिकारिओं के समक्ष रख सकेगी

# राउमावि महुडा के बलवंतसिंह पदोन्नति होने पर पीईईओ महुडा द्वारा भव्य विदाई कार्यक्रम



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुडा में बलवंतसिंह प्राध्यापक जीव विज्ञान पद पर पदोन्नति होने पर पीईईओ महुडा के समस्त स्टाफ द्वारा भव्य विदाई कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीमजी सुरावत प्रधानाचार्य राउमावि बालक कुशलगढ़ मुख्य अतिथि ग्रा.प. महुडा सरपंच दिनेश मईडा गौरसिंह मईडा,देवशंकर पंड्या,अहमद रज़ा पठान,रमेशचंद्र यादव,महेश माधविया,जसवंत,प्रेम प्रकाश,प्रेमचंद बड़जातिया रवि नायक,सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश देवदा,सुनील देवदा,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इस दौरान समस्त स्टाफ कोदर सिंह निहरता मगन डामोर,रमण पटेल, करण डामोर,मनीष नीमा,अवधेश गमेती,संतोष यादव,रतनदीप, शांतिलाल वड़खिया,महेंद्र गरासिया,मोतीलाल खराड़ी,सुरेश निनामा,लोकेश, राकेश,बापूलाल डामोर,ग्रामीण बंधु,अभिभावक छात्र छात्रा एवं कुशलगढ़ से गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विदाई समारंभ के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। उसके बाद समापन किया गया।

# पहलगाम में हुए हमले को लेकर एमबीडी कॉलेज के गेट पर एबीवीपी कुशलगढ़ ने आतंकवाद का फूंका पुतला

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कुशलगढ़ द्वारा 22अप्रैल को पहलगाम जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर पाकिस्तान परस्त आतंकियों द्वारा स्थानीय सहयोग से 28 निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारने एवं 13लोगों के घायल होने पर आतंकवादियों का पुतला फूंका मृतकों के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजन कर 2मिनिट का मौन रखा , मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी कॉलेज कुशलगढ़ मुख्य द्वार पर कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में आतंकवाद मुर्दाबाद मुर्दाबाद नारों के साथ आतंकियों का पुतला दहन किया जिसके तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री महोदय , भारत सरकार के नाम , उपखंड अधिकारी, उपखंड कार्यालय कुशलगढ़ को ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर जिला संयोजक कांतिलाल गरासिया ने बताया कि 22अप्रैल को निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तान परस्त आतंकियों द्वारा स्थानीय सहयोग से 28लोगों को मौत के घाट उतारा साथ ही 13 लोगों से अधिक घायलों की घटना की अभाविप





कड़े शब्दों में निंदा करती है केंद्र सरकार से मांग की कि देश में पहलगाम जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर पाकिस्तान परस्त स्थानीय सहयोग से आतंकियों द्वारा कायराना हमला कर नापाक हरकत कर घटना को जो अंजाम दिया है सरकार कड़ी कार्यवाही करे , अभाविप मृतकों के शोकाकुल परिवार जनों के साथ है देश में जिस प्रकार से देश में आतंकी घटनाएं हो रही बेहद चिंताजनक विषय हैं सरकार नापाक हरकते करने वाली ताकतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ऐसी देश विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित लोगों को भी चुन-चुनकर कार्यवाही करने की मांग की इस अवसर पर तहसील संयोजक राकेश डामोर, सह संयोजक रौनक पंचाल, कालूसिंह भाभोर ,भाग संयोजक पिंटेश देवदा,नगर मंत्री दीपक डिंडोर, कॉलेज ईकाई उपाध्यक्ष, इलेश बारिया,अनिल कटारा , मांगीलाल छात्रा प्रमुख सारिका हरिजन, प्रिंस पंचाल प्रेमसिंह कटारा, राजेंद्र भूरिया, राजेश डिंडोर, मैगजी मईडा,मांगीलाल भाभोर,दीपक, हितेंद्र सिंह राठौड़,धनेश, शुभम अजीत, राहुल, नीलम, रोसीता डामोर,लक्ष्मी गोविंद कटारा, मांगीलाल मईडा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।।

# 26 लोगों की पहलगांव में निर्मम हत्या की गई।उनको माहि सरोवर नगर के जैन मंदिर पर श्रृद्धांजलि अर्पित की



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ाः पहलगांव में 26 लोगों की निर्मम हत्या की गई जिनको माहि सरोवर नगर के जैन मंदिर पर श्रृद्धांजलि दी गई जिसमें संगीता मंहत शेलजा काले रेणू हिंगोरानी सतिष भंडारी मोहनलाल त्रिवेदी अनिल शर्मा बरखा शर्मा कल्पेश जैन शिल्पा नैमा सुधा तलवाडिया सुनिता सेठ अनिश जुली नैमा मोनिका वैष्णव रीना गांधी आदि माहि सरोवर नगर के गणमान्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। ये जानकारी शीतल भंडारी ने दीं

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732